प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन न.— +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498,
Complain: Peb.mp.gov.in, website: www.peb.mp.gov.in

# जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के अन्तर्गत जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2020

परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन-पत्र | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | : 27/07/2020 | आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | : 10/08/2020 |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि | : 27/07/2020 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि | : 15/08/2020 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | | 3-10 नवम्बर 2020 | |
| परीक्षा शुल्क | | | |
| सीधी भर्ती /संविदा पदो हेतु | अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | | रू. 500/- |
| | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | | रू. 250/- |
| सीधी भर्ती - बैकलॉग | | | कोई शुल्क नहीं |
| ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा । | | | |

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 3-10 नवम्बर 2020 | प्रथम | प्रात: 7:00 से 8:00 बजे तक | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (3:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 12:00 से 1:00 बजे तक | 01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 02:00 से 05:00 बजे तक (3:00 घंटे) |

टिप्पणी :-

1. **अभ्यर्थी का आधार** पंजीयन अनिवार्य है ।
2. **बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में** मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र **लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र,** पेनकार्ड, आधार कार्ड, **ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है।** यु.आई.डी.ए.आई (UIDAI) के द्वारा **सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र** के अभाव में परीक्षार्थी को **परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।**
3. **अभ्यर्थी को नियम** पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र **के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई-आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति** /आधार नंबर /आधार VID की **जानकारी लाना अनिवार्य हैं ।**
4. **परीक्षा में प्रवेश के** समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय **बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है ।**
5. **परीक्षार्थियों को परीक्षा में** रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र **में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश** की पात्रता नहीं होगी ।
6. **परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस** यथा मोबाईल फोन, **केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।**
7. **ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक** के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा **हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक** आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, **जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।**
8. **परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को** काला बाल प्वाइंट पेन तथा **परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र** साथ लाना अनिवार्य है

9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।

10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी .द्वारा नहीं किया जाता हैं | अत : कम्प्युटर आधारित online परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (Eligibility) (पूर्णत प्रावधिक (Provisional) होगी |

11. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा ।

12. विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति, (बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन करें। (ऐसी स्थित में नियम पुस्तिका की बैगा,सहारिया एवं भारिया से संबंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होगी । )

(B) **सीधी भर्ती- जेल प्रहरी (कार्यपालिक) (संविदा कमर्चारी के लिऐ 20 प्रतिशत आरक्षित)**

| श्रेणी | कुल | बिना वर्ग | | होम गार्ड | | भूतपूर्व सैनिकों | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रिक्त | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | |
| अनाक्षित | 21 | 15 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 | 21 |
| ई.डब्लू.एस. | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| अ.जा. | 09 | 06 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 09 |
| अ.ज.जा. | 11 | 08 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 11 |
| अ.पि.व. | 15 | 10 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 | 15 |
| कुल योग -: | 56 | 39 | 17 | 00 | 00 | 00 | 00 | 56 |

**टीप:- प्रहरी प्रदों के लिए शारीरिक मापदण्ड संबंधी अर्हता निर्धारित है । अत: किसी भी प्रकार की विकलांगता के लिए पद आरक्षित नहीं है ।**

### 1.3.3 न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :-

**आवेदक को 10+2 प्रणाली के अधीन कम से कम हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी प्रणालीसे हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए ।**

## 1.3.4 शारीरिक मापदण्ड :-

| मापदण्ड | ऊंचाई | सीना बिना फुलाए |
|---|---|---|
| पुरूष अभ्यर्थी के लिए | 165 से.मी. | 83 से.मी. |
| महिला अभ्यर्थी के लिए | 158 से.मी. | - |

1. आवेदक की दोनो आखों की दृष्टि सामान्य होनी चाहिए और उसकेजेल की सेवाओं के लिए शारीरिक दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिए ।
2. अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से अपंग नही होना चाहिए ।
3. अभ्यर्थी में ``नॉकनी/फ्लेट फुट`` एवं कोई दृष्टि दोष नहीं होना चाहिए तथा चिकित्सकीय दृष्टि से योग्य (मेडिकली फिट) होना आवश्यक है।

**नोट:-** 1- न्यूनतम शारीरिक अर्हताएं पूर्ण करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन करें। न्यूनतम शारीरिक अर्हताओं में छूट का कोई प्रावधान नहीं है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित नापजोख पूर्ण नहीं करने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

2- प्रहरी पद हेतु नियम में अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से अपंग नहीं होना चाहिए, के कारण नि:शक्तिजन हेतु आरक्षण निर्धारित नहीं रहेगा ।

**टिप्पणी:-**

(i) **मध्यप्रदेश शासन**, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक पी-3-04/2013/1/3 दिनांक 06.03.2013 द्वारा होमगार्ड स्वयंसेवी नगर सैनिकों को शासकीय सेवाओं में दिए गए आरक्षण अनुसार जेल विभाग में प्रहरी की सीधी भर्ती के पदों में 15 प्रतिशत पद आरक्षित है । इस लाभ के लिए स्वयंसेवी नगर सैनिक की आवेदन करने की अंतिम को इस पद पर उनकी 03 वर्ष की सक्रिय सेवा पूर्ण होनी चाहिए । अनुशासनहीनता, दुराचरण अस्वस्थता अथवा भगोडे होने के कारण पृथक किए गए नगर सैनिकों को प्रहरी संवर्ग के अंतर्गत नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी ।

2.32 आवेदन पत्र भरने की समयावधि

| ऑनलाईन आवेदन पत्र | | | ऑनलाईन आवेदन में संशोधन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भरने की प्रारंभिक तिथि | भरने की अंतिम तिथि | भरने के कुल दिवस | करने की प्रारंभिक तिथि | करने की अंतिम तिथि | करने के कुल दिवस |
| 27/07/2020 | 10/08/2020 | 15 | 27/07/2020 | 15/08/2020 | 20 |

2.33 आनलाईन परीक्षा का विवरण

| स.क्रं. | पाली | दिनांक | अवधि | समय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम | 3-10 नवम्बर 2020 | 03 घंटे | प्रात: 09:00 से 12:00 तक | 200 |
| 2 | द्वितीय | | | दोपहर 02:00 से 05:00 तक | 200 |

परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर/विकल्प दिये रहेंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उससे संबंधित गोले को कम्प्यूटर के माउस की सहायता से काला करना होगा।

2.34 (i) परीक्षा शुल्क :-

| स.क्र. | प्रश्नपत्रों की संख्या | अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये | अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | आवेदन पत्र जमा करने के लिये एम.पी ऑन लाईन का पोर्टल शुल्क | सीधी भर्ती बैकलॉग के अभ्यर्थियों के लिये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एक | 500/- | 250/- | 250/- | कियोस्क के माध्यम से भरने पर 60/- कियोस्क के माध्यम से न भरने पर 20/- | निरंक |

(ii) संशोधन किये जाने पर देय शुल्क

| स.क्र. | प्रश्नपत्रों की संख्या | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर शुल्क | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर पोर्टल शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01. | एक | 20/- | 40/- |

2.35 परीक्षा शहर :-

लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी । मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा शहरो/केन्द्रों में परिवर्तन, कमी या वृद्धि कर सकता है। परीक्षा आनलाईन पद्धति से आयोजित है अत: परीक्षा शहर एवं परीक्षा केन्द्रो की उपलब्धता के अनुरूप अभ्यर्थियों को भी वांछित परीक्षा शहर के स्थान पर अन्य परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है ।

| आनलाईन परीक्षा केन्द्र | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. भोपाल | 2. इन्दौर | 3. जबलपुर | 4. ग्वालियर | 5. उज्जैन | 6. नीमच |
| 7. रतलाम | 8. मंदसौर | 9. सागर | 10. सतना | 11. खंडवा | 12. गुना |
| 13. दमोह | 14. सीधी | 15. छिंदवाड़ा | 16. बालाघाट | | |